# उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (IEHE), भोपाल

## ओपन-बुक परीक्षा (ओबीई) के लिए दिशानिर्देश

## विशिष्ट एटीकेटी परीक्षा दिसंबर-2020

## कोविड-19

-0-

**ओपन बुक परीक्षा:** ओपन-बुक परीक्षा के लिए उपस्थित होने वाले छात्रों को निम्नलिखित चरणों को नोट करने की सलाह दी जाती है:

**चरण 1:** स्टूडेंट कॉर्नर पर क्लिक करके आईईएचई पोर्टल पर लॉग इन करें या सीधे http://www.iehe.ac.in/Exam/ पर क्लिक करें (यदि लॉग इन करने में सक्षम नहीं हैं तो उल्लेखित ईमेल या कॉन्टेक्ट नंबरों के माध्यम से अपने विवरण के साथ आईसीटी सेल में संपर्क करें)। परीक्षा के वास्तविक दिनों से पहले यह प्रक्रिया अच्छी तरह से पूरा किया जाना चाहिए।

**चरण 2**: लॉग इन करने के बाद, ओपन बुक परीक्षा पर क्लिक करके निर्देशों को पढ़ें और ओके बटन पर क्लिक करें, यह प्रक्रिया आपकी ऑनलाइन उपस्थिति को चिह्नित करने के लिए अनिवार्य है। फिर, अपना सत्र, विषय स्ट्रीम जांचें और तदनुसार अपना पेपर डाउनलोड करें। साथ ही, परीक्षा पूरी करने के बाद अपनी उत्तर पुस्तिका भेजने के लिए चिन्हित (dedicated) ईमेल आईडी को कॉपी / नोट करें।

**चरण 3:** अब आप चाहें तो लॉग इन या लॉगआउट कर सकते हैं।

**चरण 4:** एक सादे या लाईनयुक्त कागज/रजिस्टर (ए 4 आकार) पर अपना उत्तर लिखें। कागज के शीर्ष पर अपना रोल नं.और अन्य विवरणअलग से प्रारूप में सुझाए गए अनुसार नीली या काली स्याही के पेन से सुस्पष्ट लिखें। कृपया पृष्ठ के नीचे मध्य भाग में पृष्ठ संख्या लिखें, ताकि आप पृष्ठों के अनुक्रम को बनाए रख सकें और पृष्ठों की कुल गिनती भी।

**चरण 5:** परीक्षा पूरी करने के बाद, सभी पेजों को एक-एक करके स्कैन करें और एक सिंगल पीडीएफ फाइल के रूप में अपलोड करें। प्रत्येक एकल स्कैन फ़ाइल 25 एमबी आकार से अधिक नहीं होनी चाहिए (केवल पीडीएफ प्रारूप की अनुमति है)। एक ही पेपर की कई फाइलें अपलोड न करें।पीडीएफ फाइल को पेपर कोड के साथ रोल नंबर के रूप में सेव करें। चिन्हित ईमेल पर भेजते समय ईमेल के विषय में रोल नंबर, पेपर कोड और दिनांक अनिवार्य रूप से लिखें ।

**चरण 6:** कृपया सुनिश्चित करें कि पूरी फाइल अटैच कर SUBMIT की गई है और इसे SentStatus में चेक कर लें। यदि आपकी फ़ाइल सफलतापूर्वक संलग्न नहीं है, तो पुन: प्रयास करें और अपलोड करें, यह कमज़ोर या बिना इंटरनेट कनेक्टिविटी के कारण हो सकता है या फ़ाइल का आकार निर्धारित सीमा से अधिक हो सकता है।

**चरण 7:** कृपया सुनिश्चित करें कि आपका ईमेल सफलतापूर्वक भेजा गया है, यदि हाँ, तो आपकी परीक्षा की प्रक्रिया उस दिन के लिए पूरी हो गई है।

**चरण 8:** लॉगआउट करें।

**सामान्य दिशा - निर्देश :**

1. परीक्षा के दिन और शेड्यूल समय पर, IEHEपोर्टल पर लॉग इन करना अनिवार्य है, जब आप उस समय के भीतर लॉगिन करते हैं तो यह उस दिन परीक्षा के लिए आपकी ऑनलाइन उपस्थिति को चिह्नित करेगा। यदि कोई लॉगिन नहीं करता है, तो इसका मतलब है कि वह परीक्षा में उपस्थित नहीं हो रहा है।
2. छात्र सभी संबंधित प्रश्नपत्रों में अधिसूचित समय सारणी के अनुसार उपस्थित होंगे,यदि वे किसी भी तरह से परीक्षा देने से छूट जाते हैं, तो उन्हें अनुपस्थित माना जायेगा। ओबीई में उपस्थिति अनिवार्य है।
3. उत्तर पुस्तिका के पहले पृष्ठ पर (ए 4 साइज़ रजिस्टर पेज या ए 4 साइज़ पेपर), शीर्ष पर संस्थान का नाम लिखें, सत्र का उल्लेख करें, रोल नंबर (अंकों और शब्दों में), कक्षा, विषय, पेपर का नाम और कोड, दिनांक और समय, हस्ताक्षर। (संदर्भ: प्रारूप संलग्न)
4. लघु और दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्नों के लिए शब्द सीमा का पालन करें। अपलोड करने के लिए फ़ाइल का आकार बनाए रखने में मदद मिलेगी।
5. पृष्ठसंख्या को ठीक से क्रमबद्ध किए जाने वाले हेतु पैटर्न: पृष्ठ संख्या/कुल पृष्ठ अर्थात् 1/25, 2/25 .......... 25/25 होगा।
6. समय सीमा के भीतर परीक्षा पूरी करने के बाद, आपको उस विशेष पेपर के लिए चिन्हित ईमेल आईडी पर उत्तर पुस्तिका की स्कैन की हुई कॉपी भेजनी होगी।
7. डेडिकेटेड ईमेल आईडी प्रत्येक पेपर के लिए अलग होगी, इसलिए इसका विशेष ध्यान रखें। यह चिन्हित ईमेल आईडी प्रश्न पत्र डाउनलोड लिंक के साथ साझा किया जाएगा।
8. अपनी उत्तर पुस्तिका भेजने के लिए, इसकी एकल पीडीएफ तैयार करें।
9. फ़ाइल का आकार: पीडीएफ फाइल का आकार 25 एमबी से कम होना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी पृष्ठ, किसी भी भाग को गायब किए बिना,सिक्वेंस में होना चाहिए।

10. उत्तर पुस्तिका की हार्ड कॉपी को संभाल कर रखें और संस्थान द्वारा जब भी इसे जमा किये जाने के निर्देश मिले तब इसे जमा करें।

11. परीक्षा की अवधि: यह सभी छात्रों के लिए अधिकतम 03 घंटे है। परीक्षा पूरी होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को अपलोड करने के लिए 60 मिनट अतिरिक्त समय आवंटित रहेगा।

12. यदि कोई छात्र परीक्षा का निर्धारित समय समाप्त होने के 60 मिनट के भीतर ईमेल के माध्यम से उत्तर पुस्तिकाएं भेजने में विफल रहता है तो उसे तुरंत परीक्षा सेल को सूचित करते हुए आगे की कार्रवाई के लिए निर्देश प्राप्त करना होगा।

13. प्रश्न पत्र डाउनलोड करें: जो छात्र लॉगिन करने में सक्षम नहीं हो पाते हैं या अन्य कठिनाइयों का सामना करने पर वे आईईएचई पोर्टल के होम पेज से ओबीई के प्रश्न पत्रों को बिना लॉगिन के डाउनलोड कर सकते हैं लेकिन ऑनलाइन उपस्थिति को चिह्नित करने के लिए लॉग इन करना अनिवार्य है।

**किसी भी मदद के लिए, संपर्क नंबर:**

A. परीक्षा प्रकोष्ठ - शाहिद - 9329125887 : पूनम - 9827979905

B आईसीटी सेल - 9424371586

C ईमेल आईडी - mahipalhj867@gmail.com

**Prescribed Format of Open Book Examination Answer Sheet**
**(on A 4 Size paper/register)**
ओपन बुक परीक्षा उत्तर पुस्तिका का निर्धारित प्रारूप
(ए 4 साइज के पेपर / रजिस्टर पर)

---

**Write the Name of Institute** संस्थान का नाम लिखें:

Institute for Excellence in Higher education, Bhopal

**Session : 2019-20 (OBE)**

**Roll Number ............................ (In words )......................................................**

**Semester: ....................................... Exam: Main/ATKT** ............................

**Class :**As mentioned in question paper **Subject :** As mentioned in question paper

**Paper :**As mentioned in question paper **Paper Code :** As mentioned in question paper

**Total Number of Pages Written:** ............... Pages (Complete this entry after completing the exam)

**Date :** **Signature :**

---

**Start writing from here...** यहाँ से लिखना शुरू करें...

**Section "A" Short Answer type questions (Word limit max. 150)**
खंड "ए" लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न (शब्द सीमा अधिकतम 150)

**Q. 1**
**Q. 2**
**Q. 3**
**Q. 4**
**Q. 5**

**Section "B" Long Answer type questions (Word limit max. 300)**
खंड "बी" दीर्घ उत्तर प्रकार के प्रश्न (शब्द सीमा अधिकतम 300)

**Q. 1**
**Q. 2**
**Q. 3**
**Q. 4**
**Q. 5**

**Page No. Style** पृष्ठ संख्या **01/....(total pages)**